aglasem.com

FOR PUNJAB CLASS 8 PREPARATION

PSEB 8th Sample Paper 2027 HINDI (1st language)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Punjab Class 8	2027	Sample Paper	Hindi

परीक्षा 2026-27

नमूना प्रश्न-पत्र

कक्षा आठवीं (प्रथम भाषा)

विषय : हिंदी **पूर्णांक=80**

समय : 3 घंटे **सी.सी.ई.=20**

भाग-क

1. बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न

I. निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : **(6X1=6)**

(i) 'संविधान' का संधि-विच्छेद क्या होगा?

(क) सम् + विधान (ख) सं+विधान

(ग) संवि+धान (घ) संव+विधान

(ii) 'प्रयोगशाला' शब्द का समास विग्रह बताएँ।

(क)प्रयोग के बिना शाला (ख) प्रयोग या शाला

(ग) प्रयोग के लिए शाला (घ) प्रयोग जैसी शाला

(iii) निम्नलिखित में से 'अनु' उपसर्ग का उदाहरण छाँटें।

(क) अनूप (ख) अनुज

(ग) अनु (घ) अनुकरण

(iv) निम्नलिखित में से 'निर्भीकता' शब्द का सही प्रत्यय बताएँ।

(क) कता (ख) आ

(ग) तआ (घ) ता

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'तट' का पर्याय है?

(क) नदी (ख) टूटना

(ग) किनारा (घ) समुद्र

(vi) 'मैं एक हज़ार मनुष्यों की हत्या करूँगा।' वाक्य में से 'विशेषण' शब्द चुनें।

(क) मैं (ख) एक हज़ार

(ग) हत्या (घ) करूँगा

(II) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें- **(2X1=2)**

(i) 'नीरज के दोहे' कविता के अनुसार बताएँ कि कवि ने जग के रंग की तुलना किस रंग से की है?

(क) पानी के रंग से (ख) आकाश के रंग से

(ग) इन्द्रधनुष के रंग से (घ) धन के रंग से

(ii) 'कोई नहीं बेगाना' कविता के अनुसार बताएँ कि भाई कन्हैया घायलों की सेवा किस प्रकार करता था ?

(क) पाँव दबाकर (ख) पानी पिलाकर

(ग) साफ़-सफ़ाई रखकर (घ) खाना खिलाकर

(III) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें - **(2X1=2)**

(i) 'चकित' शब्द का सही अर्थ चुनकर लिखिए:-

(क) चिकना (ख) हैरान

(ग) दुखी (घ) चौंकना

(ii) 'पथिक' का सही अर्थ चुनकर लिखिए:-

(क) पापी (ख) नाविक

(ग) यात्री (घ) किसान

अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(IV) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर चार प्रश्नों के उत्तर दें- **(4X1=4)**

सूर्य एक सत्य है
जिसे झुठलाया नहीं जा सकता
मगर ओस भी तो एक सच्चाई है
यह बात अलग है कि ओस क्षणिक है
क्यों ना मैं क्षण-क्षण को जीऊँ ?
कण-कण में बिखरे सौंदर्य को पीऊँ?

(i) उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार किस सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता ?(सूर्य को / ओस के क्षण से अधिक रहने को)

(ii) 'यह बात अलग है कि ओस _____ है।' **रिक्त स्थान भरें।**

(iii) 'सौंदर्य' शब्द का अर्थ से मिलान कीजिए:

'सौंदर्य'	भयानकता
	कुरूपता
	सुन्दरता

(iv) उपर्युक्त पद्यांश का मूल भाव क्या है? (हर पल का आनंद लेकर जीना / भविष्य की चिंता करना)

V) निम्नलिखित तीन प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें- **(3X1=3)**

(i) 'शेर' का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा?

(ii) 'अर्थ' शब्द का विपरीत शब्द से मिलान करें-

अर्थ	मतलब
	अनर्थ
	उत्तर

(iii) 'जहाँ बीमारों का इलाज हो' इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द होगा –_____

(VI) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें- **(3X1=3)**

(i) **निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाएँ -**

बस हमारे पीछे पीछे चले आओ

(ii) रिक्त स्थान में उपयुक्त योजक शब्द का प्रयोग कीजिए -

आप ऐसा कोई उपाय बतायें _____लोग बीमार न पड़ें। (ताकि / लेकिन)

(iii) रिक्त स्थान में उचित संबंधबोधक शब्द भरें-

सड़क _____काली-सफेद लकीरें लगायी गयी हैं। (के पास / पर)

भाग-ख

2. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें- **(5X1=5)**

i. रमजान के कितने दिनों के बाद ईद आती है ? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ii. 'पाऊँटा' शब्द का क्या अर्थ है ? 'श्री गुरु गोबिंद सिंह जी' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

iii. अंगुलिमाल कौन था ? 'अंगुलिमाल' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

iv. मालवजी कौन था ? 'माँ का प्यार' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

v. डिफेंस गैलरी में कौन-कौन से टैंक हैं? 'साइंस सिटी' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

vi. ताड़ी किसे कहते हैं और यह कैसे बनती है ? 'तुम भी ऊँचे उठ सकते हो' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

vii. निश्चित स्थान पर वाहन पार्किंग का क्या फायदा है? 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' पाठ के आधार पर बताएँ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दें- **(4X3=12)**

(i) हामिद की तरह यदि आपको अपने परिवार की मदद करनी हो तो आप क्या करेंगे ? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ii) डॉ. सोहन लाल खन्ना का दोनों लड़कों पर शंका दिखाना क्या दर्शाता है ?'मुँह बोले बेटे' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iii) अपने आसपास के लोगों को नेत्रदान का महत्त्व समझाने के लिए आप क्या-क्या कर सकते हो ? 'नेत्रदान ' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iv) खजूर के पेड़ से हम ऊँचा उठने की प्रेरणा कैसे ले सकते हैं ? 'तुम भी ऊँचे उठ सकते हो' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(v) सड़क पर किस-किस तरह से लोग नियमों की अवहेलना करते दिखाई देते हैं? 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' पाठ के आधार पर बताएँ।

(vi) भाई कन्हैया की तरह आप सेवा भावना की और कौन सी उदाहरण अपने आसपास देखते हैं ? 'कोई नहीं बेगाना' पाठ के आधार पर बताएँ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच पंक्तियों में दें- **(2X4=8)**

(i) फुकुशिमा न्यूक्लियर पावर प्लांट में विस्फोट कैसे हो गया? 'यूटा सागा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ii) फलों को खाने से पहले क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए ? 'फलों की चौपाल' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iii) अब्दुल कलाम की जीवनी से आप ने क्या-क्या सीखा? 'भारत रत्न: डॉ० अब्दुल कलाम' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

5. निम्नलिखित संवाद किसने किससे कहे ? किन्हीं दो के उत्तर दें - **(2X1=2)**

i. मैंने रात को तेज़ हवाओं की आवाज़ सुनी थी। 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

ii. इतनी छोटी अवस्था में इतना साहस ! 'माँ का प्यार' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

iii. हम बी. ए. पास हैं। नौकरी की तलाश में हैं। 'मुँह बोले बेटे' पाठ के आधार पर बताएँ।

भाग-ग

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **(2X2=4)**

I. क्रिया-विशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

II. योजक की परिभाषा दें और उदाहरण सहित लिखिए।

III. कारक के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए।

भाग- घ

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए - (6X1= 6)

आज के समय में मोबाइल फोन, ई-मेल और इंटरनेट ने संचार को बहुत तेज़ और सरल बना दिया है। लोग कुछ ही पलों में एक-दूसरे तक अपना संदेश पहुँचा देते हैं। इसके बावजूद पत्र का अपना विशेष महत्त्व है। पत्र में व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और अनुभवों को विस्तार से लिख सकता है। अपने हाथ से लिखा गया पत्र अपनापन और आत्मीयता का अनुभव कराता है। पत्र लिखने से भाषा-ज्ञान, शब्द-भंडार और लेखन-कौशल का विकास होता है। पुराने पत्र हमारे जीवन की यादों और महत्त्वपूर्ण घटनाओं को सुरक्षित रखते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास और परिवार की स्मृतियों का माध्यम भी बन सकते हैं। पत्र लिखते समय व्यक्ति अपने विचारों को व्यवस्थित करना सीखता है और धैर्य का विकास होता है। आज डिजिटल साधनों के बढ़ते प्रभाव के बावजूद विशेष अवसरों पर लिखा गया पत्र मन को गहराई से छूता है। इसलिए आधुनिक युग में भी पत्र का महत्त्व समाप्त नहीं हुआ है।

(i) आज के समय में संचार के कौन-कौन से साधन प्रचलित हैं?

(ii) पत्र लिखने से किन कौशलों का विकास होता है?

(iii) पुराने पत्र किस प्रकार हमारी यादों को सुरक्षित रखते हैं?

(iv) पत्र लिखते समय व्यक्ति में किन गुणों का विकास होता है?

(v) गद्यांश में आये शब्द 'कौशल' का अर्थ बताइए।

(vi) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

भाग-ङ

8. निम्नलिखित में से किन्ही चार मुहावरों/लोकोक्तियों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ- (4X1=4)

कसर न उठा रखना, अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत, साँस फूलना, मैदान मार लेना, गले से लिपटकर रोना, काला अक्षर भैंस बराबर

भाग-च

9. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखें- (7)

पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में खेलों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए पिता की ओर से पुत्र को पत्र लिखिए।

अथवा

स्कूल छोड़ने का प्रमाण-पत्र देने की प्रार्थना करते हुए अपने स्कूल के मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखिए।

10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए- (8)

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी, मोबाइल के लाभ हानियाँ, आदर्श विद्यार्थी

11. निम्नलिखित सारिणी में बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे छह सार्थक शब्द छिपे हैं, इनमें से चार सार्थक शब्द ढूँढिए - (4)

अ	तू	रा	बूँ
ति	हा	मि	द
ष	म	ता	आ
स्वा	भि	मा	न